PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Mon, 12 Jun 2017, Page 2
Width: 8.57 cms, Height: 15.58 cms, a4, Ref: 31.2017-06-12.16

उच्च न्यायालय में योग कक्षाएं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले न्यायाधीशों और अन्य कर्मचारियों के लिए अदालत परिसर में योग कक्षाएं शुरू की हैं।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल ने न्यायमूर्ति पीएस तेजी और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की मौजूदगी में नौ जून को कक्षाओं का उद्घाटन हुआ। उन्होंने योग कक्षा में कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ भाग लिया। कक्षाएं उच्च न्यायालय के एक्सटेंशन ब्लॉक में 21 जून तक चलेंगी।